अपने बच्चे क सुनने क
क्षमत पर नज़र रखन
हियरिग स्क्री नी (श्रवण ज च)



'B4 School Check' के हिस्से के रूप में आपके बच्चे की सुनने की क्षमता की जाँच की गई थी।

सुनने संबंधी कोई समस्या नहीं पाई गई।

इस जाँच से सुनने संबंधी ज्यादातर समस्याओं का पता चल जाता है। कुछ बच्चे जो इस जाँच में पास हो गए थे, उन्हें बाद में सुनने की समस्या हो सकती है।

अपने बच्चे की सुनने की क्षमता पर नज़र रखना

अगर आपके बच्चे को सीखने या पढ़ने में कठिनाई होती है, या उसकी बोली अस्पष्ट है या समझने में मुश्किल होती है, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि उसे सुनने से जुड़ी कोई समस्या है।

आपके बच्चे की सुनने की क्षमता की जाँच स्कूल में नियमित रूप से दोबारा नहीं की जाएगी, इसलिए यदि आप अपने बच्चे की सुनने की क्षमता को लेकर चिंतित हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि आप निम्न करें:

1) अगली बार जब Vision Hearing Technician (विजन हियरिंग टैक्नीशियन) स्कूल आए तो अपने बच्चे की सुनने की क्षमता की जाँच कराने के लिए कहें (यदि आपका बच्चा प्रीस्कूल, प्राथमिक या माध्यमिक विद्यालय में पढ़ता है); या

2) अपने बच्चे की सुनने की क्षमता का आकलन किसी ऑडियोलोजिस्ट (श्रवण विशेषज्ञ) से करवाने के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श (रेफरल) लें।

अगर आपके बच्चे को असल में सुनने की कोई समस्या है, तो इसका जल्दी पता चल जाना उसके सीखने और विकास के लिए अच्छा है।

अगर कोई शक हो - तो जाँच कर लें!

बच्चों की सुनने की क्षमता की जाँच के बारे में अधिक जानकारी के लिए, KidsHealth NZ वेबसाइट पर जाएं: kidshealth.org.nz/hearing-vision-checks-preschool-children या फिर 24 घंटे उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सलाह सेवा, हैल्थलाइन 0800 611116 पर फोन करें।

B4 School Check

Health New Zealand
Te Whatu Ora

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

August 2024 Hindi **HE2286**